गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

नदि/गेल/सेक्ट./2021 जनवरी 15, 2021

| | |
|---|---|
| प्रबंधक<br>लिस्टिंग विभाग<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाज़ा, सी-1, ब्लॉक-जी<br>बांद्राकुर्ला कॉम्प्लेक्स,<br>बांद्रा (पूर्व), मुम्बई-400051<br>महाराष्ट्र | प्रबंधक<br>लिस्टिंग विभाग<br>बीएसई लिमिटेड<br>मंजिल 25, फिरोज़ जीजीभॉय टावर्स<br>दलाल स्ट्रीट<br>मुंबई - 400001 |
| **एनएसई कोड : गेल (ईक्यू )** | **बीएसई कोड : 532155** |

प्रिय महोदय,

**विषय: गेल (इंडिया) लिमिटेड (कंपनी) की दिनांक 15 जनवरी, 2021 को आयोजित निदेशक मंडल (निदेशक मंडल/बोर्ड) की बैठक का परिणाम**

बोर्ड मीटिंग की पूर्व सूचना के पत्र दिनांक 11 जनवरी, 2021 तथा सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 (लिस्टिंग विनियमन) के रूप में संशोधित के विनियम 30 के अनुक्रम में, कृपया ध्यान दें कि कंपनी के निदेशक मंडल ने दिनांक 15 जनवरी, 2021 को आयोजित अपनी बैठक में अन्य के साथ-साथ निम्नलिखित को अनुमोदित किया है:

1. **कंपनी के प्रत्येक 10/- रु. अंकित मूल्य के पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों का प्रतिक्रय**

प्रत्येक 10/- रु. अंकित मूल्य के 6,97,56,641 (छ: करोड़ सतानवे लाख छप्पन हजार छ: सौ इकतालीस) पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों का प्रतिक्रय (कंपनी के प्रदत्त शेयर पूंजी में पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयरों की कुल संख्या का 1.55%) जो प्रति शेयर रु.150/- (एक सौ पचास रुपए मात्र) **("प्रतिक्रय प्रस्ताव मूल्य")** के मूल्य पर रु.1046.35 करोड़ (एक हजार छियालिस करोड़ पैंतीस लाख रुपए मात्र) **('प्रतिक्रय प्रस्ताव के रूप में')** के कुल मूल्य हेतु नकद रूप में देय जिनका पूर्ण प्रदत्त कुल इक्विटी शेयर पूंजी का क्रमश: 2.50% और 2.26% मूल्य तथा 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु कंपनी के लेखापरीक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय विवरणों के अनुसार मुफ्त रिजर्व (बोर्ड की बैठक, जिसमें प्रतिक्रय के प्रस्ताव की संस्तुति की गई, की तारीख के अनुसार उपलब्ध कंपनी के पिछले लेखापरीक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणाम) तथा जो कुल पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी का 10% (दस प्रतिशत) की वैधानिक सीमा में हो तथा अन्य सभी लागू

संवैधानिक अनुमोदनों के अध्यधीन यथा संशोधित (प्रतिक्रय विनिमय) (इसके पश्चात् से 'प्रतिक्रय' के रूप में संबोधित) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (प्रतिभूतियों का प्रतिक्रय), 2018 के अनुरूप **निविदा प्रस्ताव** के माध्यम से आनुपातिक आधार पर कंपनी के सभी शेयरधारकों, रिकॉर्ड तिथि के अनुरूप, से कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार निदेशक मंडल के अनुमोदन के अंतर्गत मुफ्त रिजर्व । प्रतिक्रय प्रस्ताव साइज़ में प्रतिक्रय के लिए किया गया या होने वाले कोई भी व्यय जैसे कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड को भुगतान योग्य शुल्क की फाइलिंग, परामर्शदाता शुल्क, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रकाशन व्यय, मुद्रण, प्रेषण व्यय, प्रतिक्रय कर, प्रतिभूति संव्यवहार कर, सामान एवं सेवा कर, स्टांप शुल्क तथा आकस्मिक एवं संबंधित व्ययों सहित लागू कर शामिल नहीं हैं।

प्रतिक्रय विनियमों के अनुसार प्रक्रिया निर्धारण, समयसीमा और अन्य अनिवार्य विवरण हेतु सार्वजनिक घोषणा उचित समय पर जारी की जाएगी ।

दिनांक 08.01.2021 की नवीनतम लाभार्थी स्थिति के अनुसार कंपनी का पूर्व-प्रतिक्रय शेयरहोल्डिंग पैटर्न **अनुबंध क** के रूप में पत्र के साथ संलग्न है ।

2. **<u>वित्त-वर्ष 2020-21 हेतु कंपनी के ईक्विटी शेयरों पर अंतरिम लाभांश की घोषणा</u>**

कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2020-21 हेतु कंपनी के प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूंजी पर @25% (रु.2.50 प्रति ईक्विटी शेयर) के अनुसार अंतरिम लाभांश के भुगतान का अनुमोदन कर दिया है।

3. **<u>शेयरों के प्रतिक्रय एवं अंतरिम लाभांश हेतु रिकॉर्ड तिथि</u>**

सूचीकरण विनियमन के विनियम 42(2) के अनुसार, इसके आगे अधिसूचित किया जाता है कि कंपनी ने ईक्विटी शेयरों के प्रतिक्रय और साथ ही वित्त वर्ष 2020-21 हेतु अंतरिम लाभांश के भुगतान के लिए शेयरधारकों की पात्रता के उद्देश्य से दिनांक 28 जनवरी, 2021 (गुरुवार) को रिकॉर्ड तिथि के रूप में निर्धारित किया है।

बोर्ड की बैठक प्रातः 11:00 बजे प्रारंभ हुई तथा अपराह्न 01:30 बजे सम्पन्न हुई।
आपसे अनुरोध है कि कृपया इसे नोट करें।

धन्यवाद,
भवदीय,
कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड

(ए.के. झा)
कंपनी सचिव

**अनुबंध क**

**दिनांक 08.01.2021 के अनुसार गेल का शेयरहोल्डिंग पैटर्न**

| क्र.सं. | शेयरधारकों की श्रेणी | शेयरधाकों की संख्या | शेयरों की संख्या | शेयरधारिता का % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवर्तक एवं प्रवर्तक ग्रुप | | | |
| | भारतीय: | | | |
| | क) भारत के राष्ट्रपति | 1 | 2334449987 | 51.7600 |
| | ख) विदेशी | | | |
| | **उप-योग (1)** | | | |
| 2 | सार्वजनिक | | | |
| | म्यूचुअल फंड | 166 | 440655839 | 9.7703 |
| | वैकल्पिक निवेश कोष | 6 | 535736 | 0.0119 |
| | विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक एफआईआई) (सहित | 615 | 710036280 | 15.7431 |
| | वितीय संस्थान बैंक / | 10 | 3133971 | 0.0695 |
| | बीमा कंपनियां | 88 | 449941904 | 9.9762 |
| | वैयक्तिगत | 458406 | 142308876 | 3.1553 |
| | हिन्दू अविभाजित परिवार | | | |
| | अनिवासी भारतीय | 8179 | 7106741 | 0.1576 |
| | आरबीआई के साथ पंजीकृत एनबीएफसी | 4 | 20684 | 0.0005 |
| | निकासी सदस्य | | | |
| | अन्य निकाय कॉर्पोरेट | 1797 | 17784030 | 0.3943 |
| | विदेशी नागरिक | | | |
| | केंद्र सरकार राज्य सरकार / | 8 | 372936443 | 8.2688 |
| | व्यापार संघ | 38 | 245443 | 0.0054 |
| | **उप-योग (2)** | | | |
| 3 | गैर प्रवर्तक – गैर सार्वजनिक | 1 | 30985932 | 0.6870 |
| | **उप-योग (3)** | | | |
| | **कुल (1+2+3)** | **469319** | **4510141866** | **100.0000** |